राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 //1580/2022 दिनांकः 21 नवम्बर, 2022

सेवा में, अति आवश्यक/समयबद्ध

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम हेतु परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि क्रमशः दिनांकः 17 नवम्बर एवं 19 नवम्बर, 2022 निर्धारित की गई थी। उसके उपरान्त भी जिन महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्म भरे गये हैं उनमें से मात्र 165 महाविद्यालयों द्वारा ही MIS जनरेट किया गया है तथा मात्र 57 महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा किया गया है। कतिपय महाविद्यालयों द्वारा आंशिक शुल्क जमा किया गया है। ऐसी स्थिति में परीक्षा शुल्क जमा न करने वाले अथवा आंशिक रूप से जमा करने वाले महाविद्यालयों की परीक्षा कराया जाना सम्भव नहीं होगा।

मा0 कुलपति जी से प्राप्त आदेश के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि सभी सम्बद्ध महाविद्यालय अपना सम्पूर्ण परीक्षा शुल्क **दिनांकः 22 नवम्बर, 2022 की सायं 04:00 बजे तक** आनलाइन मोड से प्रत्येक दशा में जमा करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत परीक्षा शुल्क जमा न करने वाले महाविद्यालयों पर अर्थदण्ड लगाया जाना विश्वविद्यालय की बाध्यता होगी और ऐसे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दिनांकः 01 दिसम्बर, 2022 से प्रारम्भ होने वाली परीक्षा में सम्मिलित किया जाना सम्भव नहीं होगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

भवदीय,
21/11/22
(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा/अलीगढ़ परिक्षेत्र।
4. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी वेब साइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
6. विश्वविद्यालय अधिवक्ता, मा0 उच्च न्यायालय, प्रयागराज।
7. गार्ड फाईल।

21/11/22
सहायक कुलसचिव